लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007

(नैक द्वारा ए++ प्रत्यायित)

संदर्भ संख्या : R/1056—2026

दिनांक : 05-09-2026

रजिस्टर्ड/स्पीडपोस्ट/व्यक्तिगत

अति महत्वपूर्ण/अति आवश्यक

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या,
सहयुक्त महाविद्यालय (लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर–खीरी, रायबरेली),
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

महोदय/महोदया,

कृपया संलग्न श्री राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्या ई–6021/32–जीएस/2025 दिनांक 03 सितम्बर, 2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा यह अवगत कराया गया है कि छत्रपति साहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर में AI मंथन–2 कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 12 एवं 13 सितम्बर, 2026 को किया जा रहा है जिसमें दिनांक 13 सितम्बर, 2026 को लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा चिन्हित बिन्दुओं पर पी०पी०टी० के माध्यम से प्रस्तुतिकरण किया जाना है।

अतः मा० कुलपति महोदय के आदेश के अनुपालन में अनुरोध है कि प्रस्तुतिकरण निम्नवत बिन्दुओं पर सूचना दिनांक 07.09.2026 तक मध्याह्न 12:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का कष्ट करें:–

1. सहयुक्त महाविद्यालयों में कौशल विकास कार्यक्रम आरम्भ किये जाने की कार्ययोजना।
2. सहयुक्त महाविद्यालयों (राजकीय वित्तपोषित, अनुदानित) में अप्रयुक्त भवनों को कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु प्रयोग करने की प्रगति की स्थिति/कार्ययोजना।

संलग्नक यथोपरि:

भवदीया
(हस्ताक्षर)
(डॉ० भावना मिश्रा)
कुलसचिव

संख्या : दिनॉक :

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा० कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. गार्ड फाईल।

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner

ई-मेल

OFFICE OF THE VICE-CHANCELLOR
03 SEP 2026
NO. 322
LUCKNOW UNIVERSITY

राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश

लखनऊ-226027

संख्या ई-6021/32-जी.एस./2025

दिनांक 03 सितम्बर 2026

प्रेषक,

श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,
(अपर मुख्य सचिव स्तर), उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

कुलपति/निदेशक,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय/संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

महोदय/महोदया,

जैसा कि आप अवगत है कि छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर में AI मंथन-2 कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 12 एवं 13 सितम्बर, 2026 को किया जा रहा है। इस कार्यक्रम मे राज्य विश्वविद्यालयों द्वारा कतिपय चिन्हित विभिन्न बिन्दुओं पर प्रस्तुतीकरण किया जायेगा।

2. AI मंथन-2 के प्रथम दिवस दिनांक 12 सितम्बर, 2026 को, AI मंथन-2 कार्यक्रम सायंकाल 05:30 बजे समाप्त होगा तत्पश्चात सायंकाल भोजन के उपरान्त 06:30 बजे से राज्य विश्वविद्यालयों द्वारा प्रस्तुतीकरण आरम्भ किया जायेगा।

3. प्रस्तुतीकरण हेतु संलग्नक-1 के अनुसार बिन्दु चिन्हित हैं। कृपया इन बिन्दुओं पर समस्त तैयारी सुनिश्चित करते हुए प्रत्येक विश्वविद्यालय द्वारा अधिकतम 15 मिनट (अधिकतम 8 स्लाइड) का प्रस्तुतीकरण किया जायेगा।

4. प्रथम दिवस दिनांक 12 सितम्बर, 2026 को AI मंथन-2 कार्यक्रम के पश्चात प्रस्तुतीकरण हेतु 20 विश्वविद्यालयों की सूची संलग्नक-2 पर है।

5. द्वितीय दिवस दिनांक 13 सितम्बर, 2026 को सायंकाल प्रस्तुतीकरण करने वाले 15 विश्वविद्यालयों की सूची संलग्नक 3 पर है।

6. कृपया तदनुसार आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

HoD, CS will prepare PPT

संलग्नक: यथोपरि।

03/9/26

Registrar/F.O./DSW/Chairman, UIRC/HoD, (Social work)/HoD (Computer Sc.)/COE/HOD

भवदीय,

(डॉ. सुधीर एम. बोबडे)

आ.प्र.से.(से.नि.)

कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी
(अपर मुख्य सचिव स्तर)

संलग्नक - 1

ए.आई. मंथन – 2 में प्रस्तुतीकरण हेतु बिन्दु

1. ए.आई. मंथन–1 के क्रम में क्रियान्वित विभिन्न कार्यक्रमों की सूचना / प्रगति
2. लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा हार्वर्ड बिजिनेस स्कूल से किये समझौते के अनुसार सभी विश्वविद्यालय अपने परिसर तथा सम्बद्ध महाविद्यालयों में कौशल विकास कार्यक्रम आरम्भ करने की कार्ययोजना। Prof. Sangeeta Sahu.
3. विश्वविद्यालयों / संस्थानो के परिसर में स्थित उनसे सम्बद्ध (राजकीय, वित्तपोषित, अनुदानित) महाविद्यालयों में अप्रयुक्त भवनों को कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु प्रयोग करने की प्रगति की स्थिति / कार्ययोजना। – ? colleges
4. दीक्षोत्सव समारोह में माननीय कुलाधिपति / कुलाधिपति सचिवालय द्वारा विश्वविद्यालयों में दर्शायी गयी कमियों के सम्बन्ध में की गयी सुधारात्मक कार्यवाही। (पृथक से विश्वविद्यालयवार पत्र प्रेषित)
5. दीक्षोत्सव समारोह के पश्चात् कितने छात्र / छात्राओं द्वारा डिजी लॉकर से डिजिटली हस्ताक्षरित डिग्री / अंकपत्र डाउनलोड की गयी? कितने छात्र / छात्राओं द्वारा भौतिक रूप से प्राप्त की गयी? की सूचना। COE Sir
6. शैक्षणिक सत्र 2026–27 में **समर्थ पोर्टल** के माध्यम से छात्रों द्वारा प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु किये गये आवेदनों की संख्या, कितने छात्रों ने (शुल्क भुगतान करते हुए) प्रवेश प्राप्त किया? उनकी संख्या – Prof. Mukul Srivastava + Dr. Nagendra Maurya
   - प्रथम सत्र प्रारम्भ होने की तिथि, पाठ्यक्रमवार तिथि का विवरण
   - तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर पठन–पाठन के आरम्भ की तिथि
   - प्रथम सेमेस्टर के छात्रों का हॉस्टल आवंटन, हॉस्टल में प्रवेश व मेस सुविधा की स्थिति – Chief Provost
   - तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के छात्रों के हॉस्टल आवंटन, प्रवेश व मेस सुविधा की स्थिति
7. नशामुक्त अभियान के अंतर्गत 100 सप्ताह के कार्यक्रमों की कार्ययोजना की प्रगति। – DSW
8. पॉक्सो में चिन्हित बालक / बालिकाओं के शिक्षा, कौशल विकास तथा उनको उपलब्ध करायी गयी सुविधा, अवस्थापना- सुदृढ़ीकरण की स्थिति। – DSW.
9. 17 सितम्बर, 2026 को विश्वविद्यालयों / सम्बद्ध महाविद्यालयों में प्रस्तावित एचपीवी वैक्सीन, टी.बी. पेशेन्ट के गोद लेने विषयक कार्यक्रमों की कार्ययोजना। – Head, Social Work + Dir. Phar
10. समय–समय पर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों विषयक पुस्तकों के प्रकाशन की स्थिति। Prof. Mukul Srivastava
11. शैक्षणिक सत्र 2026–27 में आयोजित छात्रों के प्रस्तावित भ्रमण (प्रदेश स्तर पर तथा राष्ट्रीय स्तर पर) की स्थिति / रूपरेखा – DSW.
12. मोबाइल पीएचसी के Gem के माध्यम से क्रय की प्रगति। – F.O. Maam + Registrar
13. दीक्षोत्सव समारोह में स्कूली बच्चों के मध्य हुई प्रतिस्पर्धाओं (परम्परागत खेल प्रतियोगिता, काव्य लेखन एवं निबन्ध लेखन, चित्रकला, देशभक्ति गीत, लोक नृत्य, भाषण प्रतियोगिता) विषयक पुस्तक बनाना तथा उसके वितरण की प्रगति। – Prof Mukul Srivastava

[signature]

Scanned with OKEN Scanner

संलग्नक – 2

ए.आई. मंथन–2 के पश्चात् प्रस्तुतीकरण हेतु विश्वविद्यालय / संस्थान की सूची

- प्रथम दिन डीनर के बाद 06.30 बजे से विश्वविद्यालय / संस्थान के कुलपति / निदेशक, कुलसचिव, वित्त अधिकारी, आई.क्यू.ए.सी. के हेड के साथ विश्वविद्यालय परिसर में मीटिंग करेंगे।
- प्रथम दिन 20 विश्वविद्यालयों / संस्थानों प्रस्तुतीकरण करेंगे जो निम्नवत है –

1. डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा।
2. चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
3. सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ।
4. माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।
5. उ.प्र. पंण्डित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसंधान संस्थान, मथुरा।
6. छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर।
7. हरकोर्ट वटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर।
8. बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी।
9. दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर।
10. महायोगी गुरू गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, गोरखपुर।
11. आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या।
12. वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर।
13. सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी।
14. भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ
15. डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।
16. डॉ0 ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ।
17. किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ।
18. संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ।
19. ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ।
20. मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय, मेरठ।

Rum 2/9

Scanned with OKEN Scanner

- दूसरे दिन शेष 18 विश्वविद्यालयों / संस्थानों का प्रस्तुतीकरण होगा –

1. महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।
2. राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
3. चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर।
4. मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर।
5. सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थ नगर।
6. डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या।
7. महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी।
8. जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
9. बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा।
10. महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़।
11. प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
12. उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
13. डॉ0 राम मनोहर लोहिया आयुर्वेज्ञान संस्थान, लखनऊ।
14. अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ।
15. लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
16. माँ पाटेश्वरी देवी विश्वविद्यालय, बलरामपुर।
17. माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय, मिर्जापुर।
18. गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद।

Scanned with OKEN Scanner